राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024

कार्यक्रम : केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान के छात्रों द्वारा नवीन विचारों और अवधारणाओं की प्रदर्शनी

तिथि : 28 फरवरी, 2024, स्थान: केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, न्यू कैंपस ऑडिटोरियम

उद्देश्य: छात्रों को उनके एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) से संबंधित नवाचारों को व्यवहार्य प्रौद्योगिकी या उत्पाद में परिवर्तित करने के लिए प्रोत्साहित तथा प्रेरित करना।

भा.कृ.अनु.प. - के.मा.शि.सं. की संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई (आईटीएमयू) ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्रों के नवीन विचारों के मॉडल और पोस्टर की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का मुख्य विषय **"मत्स्य पालन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और भविष्य की संभावनाएं"** था । इसमें 15 समूहों में 40 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और अपने मॉडल और पोस्टर प्रदर्शित किए। प्रत्येक मॉडल और पोस्टर को संबंधित बूथ के छात्रों के समूह द्वारा आगंतुकों को समझाया गया। इस आयोजन को 180 से अधिक छात्रों, वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भागीदारी के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।

इस प्रदर्शनी में 10 पोस्टरों और बैनरों के साथ में 5 परिचालन मॉडल प्रदर्शित किए गए, जिनके माध्यम से छात्र-छात्राओं ने नवीन विचारों को समग्रता से प्रदिर्शत किया । डॉ. एस.पी. शुक्ला, प्रभारी अधिकारी (आईटीएमयू) और डॉ. मंजूषा, डॉ. कपिल सुखदाने, डॉ. नेहा कुरेशी और डॉ. अरुण कुमार शर्मा (सदस्य, आईटीएमयू) ने कार्यक्रम का समन्वयन किया। डॉ. गौरी हारुलकर, रिसर्च एसोसिएट (आईटीएमयू) ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन और छात्रों के साथ समन्वयन में सक्रिय योगदान दिया।

भा.कृ.अनु.प. - के.मा.शि.सं. के संयुक्त निदेशक डॉ. एन.पी. साहू, ने हर स्टॉल का दौरा किया और छात्र प्रतिभागियों से बातचीत करके उनके नवाचारों के बारे में जाना और अपनी बहुमूल्य सलाह और सुझाव दिए। स्टॉल का दौरा करते समय संकाय सदस्यों ने छात्रों को उनकी प्रौद्योगिकी, उत्पाद या अवधारणा/विचार को और बेहतर बनाने के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए। भा.कृ.अनु.प. - के.मा.शि.सं. के निदेशक डॉ. सी.एन. रविशंकर एवं संयुक्त निदेशक डॉ. एन.पी. साहू ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आईटीएमयू और इसकी समिति के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की, जो छात्रों को उद्यमशीलता कौशल और उनके विचारों को बिजनेस मॉडल में बदलने के लिए प्रोत्साहित करेगा। बाद में पुरस्कार प्रदान करने के उद्देश्य से सभी मॉडलों/पोस्टरों का निर्णायकों के एक पैनल द्वारा मूल्यांकन किया गया।

छात्र-छात्राएँ , जिन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 के दौरान मॉडलों और पोस्टरों का प्रदर्शन किया था

6
7
The Next Wave:
AI-Powered Fish-on-a-chip for Enhanced Fisheries Management

7
6
Smart Aquaculture 2.0: AI Database for Enhanced Aquaculture
Workflow
7
6

13
15
13

precise biomass estimation
14
15
13
13

निर्णायकगण प्रतिभागियों से चर्चा करते हुए